रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 340] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 1, 2014/आषाढ़ 10, 1936
No. 340] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 1, 2014/ASADHA 10, 1936

IndiaCode

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 जून, 2014

सा.का.नि. 425(अ).–केन्द्रीय सरकार, कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 469 की उप-धारा (1) और उप-धारा (2) और धारा 148 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और कंपनी (लागत लेखांकन अभिलेख) नियम, 2011; कंपनी (लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट) नियम, 2011; लागत लेखांकन अभिलेख (दूरसंचार उद्योग) नियम, 2011; लागत लेखांकन अभिलेख (पेट्रोलियम उद्योग) नियम, 2011; लागत लेखांकन अभिलेख (विद्युत उद्योग) नियम, 2011; लागत लेखांकन अभिलेख (शर्करा उद्योग) नियम, 2011; लागत लेखांकन अभिलेख (उर्वरक उद्योग) नियम, 2011 और लागत लेखांकन अभिलेख (भेषजी उद्योग) नियम, 2011 को, उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, अधिक्रांत करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ – (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कंपनी (लागत अभिलेख और लेखापरीक्षा) नियम, 2014 है।

(2) ये उनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं - इन नियमों में जब तक अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) "अधिनियम" से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) अभिप्रेत है;

(ख) "व्यवसायरत् लागत लेखाकार" से लागत एवं संकर्म लेखाकार अधिनियम, 1959 (1959 का 23) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (ख) में यथापरिभाषित लागत लेखाकार अभिप्रेत है जिसके पास उक्त अधिनियम की धारा 6 की उप-धारा (1) के अधीन व्यवसाय का वैध प्रमाणपत्र हो और जिसे अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (2) के अधीन व्यवसाय में माना जाता है तथा जिसमें लागत लेखाकारों की फर्म या सीमित देयता भागीदारी शामिल है;

(ग) "लागत लेखापरीक्षक" से खंड (ख) में यथापरिभाषित, बोर्ड द्वारा नियुक्त व्यवसायरत लागत लेखापरीक्षक से अभिप्रेत है;

(घ) "लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट" से लागत लेखापरीक्षक द्वारा सम्यक रूप से लेखापरिक्षित और हस्ताक्षरित रिपोर्ट जिसमें लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुलग्नक, उपाबंध, अर्हताएं या संप्रेक्षण आदि शामिल हैं, अभिप्रेत हैं;

(ड.) "लागत अभिलेख" से अधिनियम की धारा 148 और इन नियमों के उपबंधों के अनुसार माल के उत्पादन या सेवाओं के उपबंध के लिए लागू सामग्रियों के उपयोग, श्रम और लागत की अन्य मदों के प्रयोग से संबंधित लेखाबहियां से अभिप्रेत है;

(च) "प्ररूप" से इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप अभिप्रेत हैं;

(छ) "संस्थान" से लागत एवं संकर्म लेखाकार अधिनियम, 1959 (1959 का 23) के अधीन गठित भारतीय लागत लेखाकार संस्थान अभिप्रेत है;

(ज) इन नियमों में प्रयुक्त परंतु परिभाषित न किए गए और अधिनियम में परिभाषित किए गए अन्य सभी शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो कि अधिनियम में उनका है।

3. लागत अभिलेखों का लागू होना - अधिनियम की धारा 148 की उप-धारा (1) के प्रयोजन के लिए अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (42) में परिभाषित विदेशी कंपनियों सहित कंपनियों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए उनकी लेखाबहियों में लागत अभिलेखों को शामिल करना अपेक्षित होगा, अर्थात्: —

(क) सामरिक क्षेत्रों में निम्नलिखित मालों के उत्पादन में लगी हुई कंपनियां:

(क) (i) अनुषंगी मद या मदों को छोड़कर रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा क्षेत्रों में उपयोग होने वाली मशीनरी और यांत्रिक उपकरण:

स्पष्टीकरण: इस उप-खंड के प्रयोजनों के लिए ऐसी कोई कंपनी जो इस खंड के अधीन उपयोग के लिए अनन्य रूप से आपूर्ति की जा रही किसी मद या मदों से संबंधित है, को इन नियमों के अधीन आने वाली कंपनी माना जाएगा;

(ii) टरबो जेट और टरबो प्रोपेलर;

(iii) शस्त्र और गोला-बारूद;

(iv) प्रोपलेंट पाउडर; तैयार विस्फोटक (प्रोपलेंट पाउडर से भिन्न); सुरक्षा फ्यूज; विस्फोटक फ्यूज; अघात या विस्फोटक टोपियां; पलीता; विद्युत अघात;

(v) राडार साधिग, रेडियो संचालन सहायक साधिग तथा रेडियो दूरस्थ नियंत्रण साधिग;

(vi) टैंक और अन्य बख्तरबंद लड़ाकू यान, मोटरीकृत, चाहे शस्त्रों से सुसज्जित हों या नहीं तथा ऐसे यानों के हिस्से-पुर्जे, जिनका नब्बे प्रतिशत या अधिक वित्त (कंपनी में किए गए निवेश) सरकारी या सरकारी अभिकरणों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है;

(ख) यदि कंपनी का निवल मूल्य पांच सौ करोड़ रुपए या उससे अधिक है या कारोबार पांच सौ करोड़ रुपए या अधिक है तो उस पर खंड (क) के उपबंध लागू होंगे।

(ख) किसी क्षेत्रीय विनियामक या केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय या विभाग दवारा विनियमित किसी उद्योग में लगी हुई कंपनियां:

(क) (i) प्रमुख बंदरगाह न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 111 के अधीन प्रमुख बंदरगाहों के लिए सीमाफीस प्राधिकरण द्वारा विनियमित किसी जहाज या वस्तुओं के संबंध में बंदरगाह द्वारा प्रदान की जा रही स्टीवेडोरिंग, पायलटेज, हालिंग, मूरिंग, रिमूरिंग, हुकिंग, मेजरिंग, लोडिंग और अनलोडिंग सेवाएं;

(ii) भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 के अधीन विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण द्वारा विनियमित और विमानपत्तनों द्वारा दी जा रही हवाई यातायात प्रबंधन, वायुयान परिचालन, भू-सुरक्षा सेवाएं, भू-रख-रखाव, कार्गो सुविधाएं तथा ईंधन की आपूर्ति जैसी वैमानिक सेवाएं;

(iii) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 के अधीन भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा उपभोगकर्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही तथा विनियमित संकेत, सिग्नल, लिखाई, चित्र और ध्वनि या किसी प्रकार की सूचना (प्रसारण सेवाओं से भिन्न) का प्रसार या प्राप्ति द्वारा उपलब्ध कराई जा रही दूरसंचार सेवाएं;

(iv) विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन संबंधित विनियामक निकाय या प्राधिकरण द्वारा विनियमित विद्युत का उत्पादन, संचरण, वितरण और आपूर्ति जिसमें कैप्टिव उत्पादन (विद्युत नियमों के अधीन यथापरिभाषित) शामिल नहीं है;

(v) इस्पात;

(vi) सड़कें और अन्य अवसंरचना परियोजनाएं;

(vii) औषधी और भेषजी;

(viii) उर्वरक;

(ix) शर्करा और औद्योगिक अल्कोहल;

(x) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 (2006 का 19) के अधीन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड द्वारा विनियमित पेट्रोलियम उत्पाद;

(xi) रबड़ बोर्ड द्वारा विनियमित किए जा रहे रबड़ और संबद्ध उत्पाद।

(ख) खंड (ख) के प्रयोजनार्थ, अधिकतम सीमा इस प्रकार है:—

(i) बहु-उत्पाद या बहु-सेवा कंपनी (अर्थात् एक से अधिक उत्पाद का उत्पादन या सेवा प्रदान करने वाली कंपनी) की दशा में, एक उत्पाद या सेवा जिसका व्यष्टिक कारोबार (विशेष उत्पाद या उस विशेष सेवा से) पचास करोड़ रुपए या अधिक है:

(ii) किसी एक विशेष उत्पाद का उत्पादन या सेवा प्रदान करने वाली कंपनी की दशा में, यदि कंपनी का निवल मूल्य एक सौ पचास करोड़ रुपए या उससे अधिक है या कारोबार पचीस करोड़ रुपए या अधिक है।

(ग) क्षेत्रीय विनियामक द्वारा विनियमित किसी उद्योग में लगी हुई कंपनियों की दशा में लागत अभिलेखों से संबंधित क्षेत्रीय विनियामक की अपेक्षाओं को गणना में लिया जाएगा।

(ग) लोकहित वाले क्षेत्रों में प्रचालन कर रही कंपनियां:

(क) (i) रेलवे या ट्रामवे ईंजन, रॉलिंग स्टॉक, रेलवे या ट्रामवे सज्जा और उपसाधन, यांत्रिक (वैद्युत यांत्रिक सहित) सभी प्रकार के यातायात संकेत उपकरण;

(ii) सीमेंट सहित खनिज उत्पाद;

(iii) कच्ची धातुएं;

(iv) खनिज ईंधन (पेट्रोलियम को छोड़कर), खनिज तेल आदि;

(v) आधारी धातु;

(vi) अकार्बनिक रसायन, मूल्यवान धातुओं के कार्बनिक या अकार्बनिक मिश्रण, रेडियोधर्मी तत्वों या आइसोटोप की दुर्लभ धातुएं और कार्बनिक रसायन;

(vii) जूट और जूट उत्पाद;

(viii) प्रशासनिक मूल्य तंत्र के अधीन खाद्य तेल;

(ix) संनिर्माण उद्योग;

IndiaCode

(x) स्वास्थ्य सेवाओं में लगी हुई कंपनियां अर्थात् अस्पताल, डायग्नोस्टिक केन्द्र, नैदानिक केन्द्र या जांच प्रयोगशाला के रूप में लगी हुई अथवा उनको चलाने वाली कंपनियां;

(xi) शिक्षा सेवाओं में लगी हुई कंपनियां जिसमें परोपकार के अंतर्गत आने वाली ऐसी सेवाओं या सामाजिक कल्याण के लिए खर्च की गई राशि शामिल नहीं है जो किसी कारबार का हिस्सा न हो।

(ख) खंड (ग) के प्रयोजनों के लिए अधिकतम सीमा नीचे दिए अनुसार होगी:-

(i) बहु-उत्पाद या बहु-सेवा कंपनी (अर्थात् एक से अधिक उत्पाद या सेवा का उत्पादन करने वाली कंपनी) की दशा में, किसी उत्पाद या सेवा जिसका व्यष्टिक कारोबार (विशेष उत्पाद या उस विशेष सेवा से) पचास करोड़ रुपए या अधिक है:

(ii) किसी एक विशेष उत्पाद या सेवा का उत्पादन करने वाली कंपनी की दशा में, यदि कंपनी का निवल मूल्य एक सौ पचास करोड़ रुपए या उससे अधिक या कारोबार पचीस करोड़ रुपए या अधिक है।

(घ) निम्नलिखित चिकित्सा युक्तियों के उत्पादन, आयात और आपूर्ति या व्यवसाय में लगी हुई कंपनियां (केवल लायजन वाली कंपनियों को छोड़कर विदेशी कंपनियों सहित), अर्थात्:-

(क) (i) कार्डिएक स्टेंट्स;

(ii) ड्रग इलुटिंग स्टेंट्स;

(iii) केथेटर्स;

(iv) इंट्रा ओकुलर लेंस;

(v) बोन सिमेंट्स;

(vi) हार्ट वाल्व्स;

(vii) ऑर्थोपिडिक इंप्लांट्स;

(viii) इंटरनल प्रोस्थेटिक रिप्लेसमेंट्स;

(ix) स्कल्प वेन सेट;

(x) डीप ब्रेन स्टिमुलेटर;

(xi) वेंट्रीकुलर पेरिफेरल शूड;

(xii) स्पायनल इंप्लांट्स;

(xiii) ऑटोमैटिक इंपलपेबल कार्डिएक डेफ्लोबिलेटर;

(xiv) पेसमेकर (अस्थायी और स्थायी);

(xv) पेटेंट डक्टस आर्टेरियोसस, आर्टेरियल सेप्टल डिफेक्ट और वेंट्रीकूलर सेप्टल डिफेक्ट क्लोजर डिवाइस;

(xvi) कार्डिएक रि-सिंक्रोनाइज थेरेपि;

(xvii) यूरेथ्रा स्पिनिक्टर डिवाइस;

(xviii) स्लिंग पुरुष या महिला;

(xix) प्रोस्टेट ऑक्लुजन डिवाइस; और

(xx) यूरेथ्रल स्टेंट्स।

(ख) खंड (घ) के प्रयोजनों के लिए अधिकतम सीमा नीचे दिए अनुसार होगी:-

(i) एक बहु-उत्पाद या बहु-सेवा कंपनी (अर्थात् एक से अधिक उत्पाद या सेवा का उत्पादन करने वाली कंपनी) की दशा में, किसी उत्पाद या सेवा जिसका व्यष्टिक कारोबार (विशेष उत्पाद या उस विशेष सेवा से) दस करोड़ रुपए या अधिक या कारोबार का एक तिहाई, जो भी कम हो, है:

(ii) किसी एक विशेष उत्पाद या सेवा का उत्पादन करने वाली कंपनी की दशा में, यदि कंपनी का निवल मूल्य एक सौ पचास करोड़ रुपए या उससे अधिक या कारोबार पचीस करोड़ रुपए या अधिक है।

IndiaCode

4. लागत लेखापरीक्षा का लागू होना. –

(1) सामरिक उद्योग में लगी हुई और नियम 3 के खंड (क) के उप-खंड (ख) के अधीन आने वाली प्रत्येक कंपनी के लिए इन नियमों के अनुसार अपने लागत अभिलेखों को लेखापरिक्षित करवाना अपेक्षित है।

(2) नियम 3 के खंड (ख) के उप-खंड (ख) तथा खंड (ग) के उप-खंड (ख) में विनिर्दिष्ट एक बहु-उत्पाद या बहु-सेवा कंपनी की दशा में, किसी उत्पाद या सेवा जिसका व्यष्टिक कारोबार (विशेष उत्पाद या उस विशेष सेवा से) सौ करोड़ रुपए या अधिक है के लिए लागत लेखापरीक्षा की अपेक्षा लागू होगी:

(3) नियम 3 के खंड (ख) के उप-खंड (ख) तथा खंड (ग) के उप-खंड (ख) में विनिर्दिष्ट किसी एक विशेष उत्पाद का उत्पादन या सेवा प्रदान करने वाली कंपनी की दशा में, यदि कंपनी का निवल मूल्य पाच सौ करोड़ रुपए या उससे अधिक या उस विशेष उत्पाद या विशेष रूप से कारोबार सौ करोड़ रुपए या अधिक है तो लागत लेखापरीक्षा की अपेक्षा लागू होगी।

(4) नियम 3 के खंड (घ) के उप-खंड (ख) में निर्दिष्ट चिकित्सा उत्पादों या युक्तियों में लगी हुई कंपनी की दशा में:-

(i) जिसके बहु-उत्पाद या युक्तियां हैं (अर्थात् एक से अधिक चिकित्सा युक्ति या उत्पाद का उत्पादन, आयात तथा आपूर्ति या व्यवसाय करने वाली कंपनी), के लिए लागत लेखापरीक्षा की अपेक्षा ऐसे चिकित्सा उपकरण या उत्पाद के लिए लागू होगी जिसके लिए अलग से कारोबार (ऐसी विशेष चिकित्सा उपकरण या उत्पाद के लिए) दस करोड़ रुपए या अधिक है या कारोबार का एक-तिहाई, जो भी कम हो, है;

(ii) जिसका केवल एक उत्पाद या युक्ति है (अर्थात् एक चिकित्सा युक्ति या उत्पादन का उत्पादन, आयात तथा आपूर्ति तथा व्यवसाय करने वाली कंपनी), के लिए लागत लेखापरीक्षा की अपेक्षा लागू होगी यदि कंपनी का निवल मूल्य एक सौ पचास करोड़ रुपए या अधिक है या कारोबार पचीस करोड़ रुपए या अधिक है।

5. अभिलेखों का रख-रखाव - (1) इन नियमों के अधीन प्रत्येक कंपनी, अपनी सभी इकाईयों और शाखाओं सहित, 01 अप्रैल, 2014 को या उसके बाद प्रारंभ होने वाले प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए **प्ररूप सीआरए-1** में लागत अभिलेख रखेगी।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट लागत अभिलेख नियमित आधार पर इस प्रकार रखे जाएंगे ताकि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मासिक या तिमाही या अर्धवार्षिक या वार्षिक आधार पर प्रत्येक उत्पाद और कार्यकलापों के लिए उत्पादन की प्रति इकाई लागत या परिचालन की लागत, विक्रय का मूल्य और अतिरिक्त राशि की गणना हो सके।

(3) लागत अभिलेख इस प्रकार रखे जाएंगे ताकि कंपनी यथासंभव संसाधनों के उपयोग में अधिकतम मितव्ययता प्राप्त करने के लिए विभिन्न परिचालनों और लागत पर नियंत्रण रख सके। ये अभिलेख इन नियमों के अधीन भेजे जाने के लिए अपेक्षित आंकड़े भी उपलब्ध कराएंगे।

6. लागत लेखापरीक्षा:- (1) नियम 3 में विनिर्दिष्ट कंपनियों के वर्ग और नियम 4 में दी गई अवसीमा से ऊपर वाली प्रत्येक कंपनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से 180 दिन के भीतर एक लागत लेखापरीक्षक नियुक्त करेगी।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक कंपनी लागत लेखापरीक्षक को उसकी नियुक्ति की सूचना देगी और बोर्ड बैठक जिसमें वह नियुक्ति की गई है, के तीस दिन की अवधि के भीतर या वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से 180 दिन की अवधि के भीतर, जो भी पहले हो, केन्द्रीय सरकार को कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में यथाविनिर्दिष्ट फीस के साथ इलेक्ट्रोनिक मोड से, **प्ररूप सीआरए-2** में ऐसी नियुक्ति की सूचना फाइल करेगी।

(3) इस प्रकार से नियुक्त प्रत्येक लागत लेखापरीक्षक वित्तीय वर्ष समाप्त होने से 180 दिन समाप्त होने तक या जब तक वह वित्तीय वर्ष, जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया है, के लिए लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करे, अपने पद पर बना रहेगा।

(4) कंपनी के लागत अभिलेखों की लेखापरीक्षा करने वाला प्रत्येक लागत लेखापरीक्षक अपनी लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट और अपनी आपत्तियां या अर्हताएं या संप्रेक्षण या सुझाव, यदि कोई हो, **प्ररूप सीआरए-3** में प्रस्तुत करेगा।

(5) प्रत्येक लागत लेखापरीक्षक अपनी रिपोर्ट वित्तीय वर्ष, जिससे वह रिपोर्ट संबंधित है की समाप्ति से 180 दिन की अवधि के समाप्त होने से पहले निदेशक बोर्ड को भेजेगा और निदेशक बोर्ड उसमें विशिष्टत: रिपोर्ट में निहित किसी आपत्ति या प्रतिबंध पर विचार और जांच करेगा।

(6) इन नियमों के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक कंपनी लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट की एक प्रति की प्राप्ति की तारीख से 30 दिन की अवधि के भीतर उक्त रिपोर्ट उसमें निहित प्रत्येक आपत्ति या अर्हता पर पूर्ण सूचना और स्पष्टीकरण केन्द्र सरकार को **प्ररूप सीआरए-4** में कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में यथाविनिर्दिष्ट फीस के साथ भेजेगी।

(7) अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (12) के उपबंध तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियम किसी लागत लेखापरीक्षक के लिए उसके कार्यों के निष्पादन के दौरान अधिनियम की धारा 148 और उसके नियमों के अधीन उसी प्रकार लागू होंगे।

7. कतिपय मामलों में नियमों का लागू न होना. - इन नियमों के अधीन लागत लेखापरीक्षा की अपेक्षा ऐसी कंपनी के लिए लागू नहीं होगी जो नियम 3 के अधीन आती है और

(i) जिसका निर्यात से राजस्व विदेशी मुद्रा में उसके कुल राजस्व के 75% से अधिक है या

(ii) जो किसी विशेष आर्थिक क्षेत्र से प्रचालन कर रही है।

[फा. सं. 1/40/2013–सीएल–V]

अमरदीप सिंह भाटिया, संयुक्त सचिव

उपाबंध

प्ररूप सीआरए-1

[कंपनी (लागत अभिलेख और लेखा परीक्षा नियम, 294 के नियम 5(1) के अनुसरण में]

प्ररूप जिसमें लागत अभिलेख रखे जाएंगे

लेखाबहियों में शामिल किए जाने वाले लागत मदों से संबंधित विवरण

1. इनपुट सामग्री (सामग्रियां)/सेवा (सेवाएं):

(1) निर्दिष्ट माल के उत्पादन या सेवाओं की अदायगी के लिए अपेक्षित कच्ची सामग्री/इनपुट सेवाओं (निर्माण तक सभी प्रत्यक्ष प्रभारों सहित) के प्रत्येक मद की मात्रा और लागत वार सभी प्राप्तियां, निर्गम और शेष का अलग-अलग उचित अभिलेख रखा जाएगा। मात्रा, निर्गम की लागत और उपभोग की गणना के आधार भी लागत अभिलेख में दर्शाए जाएंगे और उनका नियमित अनुपालन किया जाएगा। आयायित कच्ची समाग्री/इनपुट सेवाओं की दशा में अनुज्ञप्ति वार अनुमत मात्रा, आयातित वास्तिवक मात्राएं, उपभोग की गई वास्तविक मात्राएं, स्टॉक मात्रा और कुल अनुज्ञप्ति प्राप्त मात्रा में से अब तक आयात की गई सामग्री की मात्रा के साथ-साथ आयायित सामग्री/सेवा की मात्रा, पोत पर्यंत निफीस मूल्य, विदेशी भाड़ा, बीमा, सीमा-फीस और अंतर्देशीय भाड़ा प्रभार दर्शाते हुए उपयुक्त अभिलेख रखा जाएगा। यदि स्वदेशी और आयातित दोनों प्रकार की सामग्रियों/सेवाओं का उपभोग किया गया है तो प्रत्येक मद के लिए प्रतिशत वार ब्यौरों का अभिलेख रखा जाए।

(2) निर्दिष्ट माल के उत्पादन या सेवाओं की अदायगी के लिए प्रयुक्त मध्यवर्ती सामग्री/सेवा, प्रक्रिया सामग्री, एडीटिव्स, खरीदे गए अवयव, सब-असेंबलिज, एसेसिरिज, अर्ध-तैयार माल, उपयोग योग्य भंडार, स्पेयर्स, अन्य अप्रत्यक्ष माल सेवा आदि के प्रत्येक मद की मात्रा और लागत वार सभी प्राप्तियां, निर्गम और शेष का अलग-अलग उचित अभिलेख रखा जाएगा। इस लागत में निर्माण/सेवाओं की अदायगी तक सभी प्रत्यक्ष प्रभार शामिल होंगे। एडीटिव्स, खरीदे गए अवयवों/खरीदी गई सेवाओं, सब-असेंबलिज, एसेसिरिज, अर्ध तैयार माल, उपयोग योग्य भंडार, स्पेयर्स, और अन्य अप्रत्यक्ष सामग्री/सेवा की दशा में उपभोग के लिए उपयुक्त रूप समायोजित किसी वित्त वर्ष में जारी या अदा किए गए मूल्य और मात्रा के लिए उपयुक्त अभिलेख रखा जाएगा। यदि किसी निर्विष्टी सामग्री/सेवा की जीवन प्रत्याशा एक वर्ष से अधिक है तो अपेक्षित समायोजन किया जाएगा। यदि इनपुट सामग्री/सेवा की जीवन प्रत्याशा ज्ञात नहीं है तो उपभोग का आकलन तकनीकी आधार पर किया जा सकता है।

(3) जहां कंपनी इन कच्ची सामग्रियों/इनपुट सेवाओँ, मध्यवर्ती या प्रक्रिया सामग्री का उत्पादन करती है वहां ऐसी मदों के उत्पादन लागत/सेवा लागत दर्शाते हुए अलग अभिलेख रखे जाएंगे। कंपनी द्वारा उत्पादित या संसाधित ऐसी सामग्री/सेवा की मात्रा और जारी करने तथा उपभोग की लागत की गणना का आधार ही लागत अभिलेख में दर्शाया जाएगा और उसका अनुपालन किया जाएगा।

(4) सभी कच्ची सामग्री/इनपुट सेवाओं, मध्यवर्ती, संसाधन सामग्री, एडीटिव्स, तैयार माल, खरीदे गए अवयवों/खरीदी गई सेवाओं, सब-असेंवलिज, ऐसेसिरीज, अर्ध तैयार माल, उपभोग योग्य भंडार, स्पेयर और अन्य अप्रत्यक्ष सामग्री/सेवा के निर्गम और उपभोग की माल के उत्पादन/सेवाओं की अदायगी के अनुसार प्रक्रिया के साथ पहचान की जाएगी।

(5) सामग्री/सेवा की लागत की तुलना में विभिन्न स्तरों/प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण रिकवरीज की मात्रा और मूल्य को दर्शाते हुए उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे। यदि रिकवरीज का संसाधन में पुन: प्रयोग नहीं होता है और बिना आगे संसाधन/उपयोग के उनका विक्रय/हटा या नष्ट कर दिया जाता है तो ऐसी बिक्री से प्राप्तियों का अभिलेख रखा जाएगा और संबंधित संसाधन में समायोजित किया जाएगा। यदि और प्रसंस्करण के लिए यथा स्थिति प्रयोज्य या विक्रय-योग्य वसूलियां, और प्रसंस्करण/संवर्धन के लिए लगने वाली लागत का समुचित अभिलेख रखा जाएगा। यदि इस प्रकार की प्रसंस्करण/संवर्धन किसी

बाहरी अभिकरण द्वारा किया जाता है तो प्रसंस्करण/संवर्धन के लिए भेजी गई मात्रा, प्रसंस्करण/संवर्धन के बाद प्राप्त मात्रा और उस पर व्यय की गई लागत दर्शाने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएं। निवल प्राप्ति, यदि हो, तो उसे ऐसी वसूली से संबंधित प्रमुख प्रक्रिया में समायोजित किया जाए। वसूली की वास्तविक विक्रय प्राप्तियों के भी अभिलेख रखे जाएं।

(6). उपभोज्य भंडार की प्रत्येक मद की मात्रा और लागत दोनों में, उपर्युक्त में शामिल न होने वाली अन्य प्रक्रिया, छोटे उपकरण तथा मशीनरी स्पेयर्स में प्राप्ति, निर्गमन और बकाया राशि का समुचित अभिलेख रखा जाए। निर्माण कार्य, सेवाओं तक सभी प्रत्यक्ष प्रभार लागत में शामिल किए जाएं।

(7). उपभोज्य भंडार, छोटे उपकरणों और मशीनरी स्पेयर्स की लागत संबंधित लागत केन्द्र/सेवा केन्द्र या सेवाओं की सुपुर्दगी वास्तविक निर्गमन के आधार पर प्रभारित की जाएगी। उपभोज्य भंडार तथा छोटे उपकरणों, अप्रत्यक्ष सेवाओं की दशा में, जिनकी लागत नगण्य (प्रयुक्त सामग्री की लागत से 5% कम) है, कंपनी, यदि चाहे तो ऐसे उपभोज्य भंडारों, उपकरणों तथा अप्रत्यक्ष सेवाओं के समूह के लिए ऐसे अभिलेख रख सकती है।

(8). कच्ची सामग्री/निवेश सेवाओं, अंतवर्ती, प्रक्रिया सामग्रियों/सेवाओं, उपभोज्य भंडार, छोटे उपकरण और मशीनरी स्पेयर्स, चाहे परिवहन भंडारण, उत्पादन या अन्य किसी स्तर पर हो, कोई बर्बादी, अपशिष्ट, अस्वीकृत या क्षति की मात्रा और मूल्य दर्शाने वाला समुचित अभिलेख रखा जाएगा। वस्तु(ओं)/सेवा(ओं) की लागत निर्धारण में उपर्युक्त हानि और अस्वीकृत तथा बर्बादी सहित अपशिष्ट वस्तुओं/सेवाओं के निपटान से प्राप्त आय के समायोजन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का उल्लेख लागत अभिलेखों में किया जाएगा। किसी असामान्य बर्बादी, या अपशिष्ट या अस्वीकृति या हानि और उसके कारणों का भी विशेष और अलग से उल्लेख किया जाएगा।

(9). कच्ची समाग्रियों/इनपुट सेवाओं, मध्यवर्तियों और प्रक्रिया सामग्रियों/सेवाओं, तैयार और अर्ध-तैयार मालों/सेवाओं, उपभोज्य स्टोर, लघु औजारों तथा मशीनों के हिस्से पुर्जों, एडेटिव्स, विनिर्मित खरीदे गए संघटक/खरीदी गई सेवाओं, उपसंयोजनों, उपसाधनों, अर्ध तैयार माल, माल/सेवाओं, उपभोज्य भंडार, अतिरिक्त हिस्से पुर्जे और अन्य अप्रत्यक्ष सामग्रियां, सेवाएं जिनका 12 मास से अनधिक अवधि के लिए चालन/इस्तेमाल नहीं किया गया है के मूल्य को उपदर्शित करने के लिए समुचित अभिलेख रखे जाएंगे।

(10). यदि केन्द्रीय उत्पाद अधिनियम, 1944 (1944 का 1) या यदि सेवाकर हो तो वित्त अधिनियम के अधीन केन्द्रीय मूल्य वर्धित कर में कोई ऋण, केन्द्रीय मूल्य वर्धित कर/सेवा कर के प्रकार के कोई अन्य लाभ उपकरण/सेवा के किसी भी मद पर मिलते हो तो इस प्रकार के उपकरणों/सेवाओं की लागत इस तरह के ऋण या लाभ तय करने के बाद दिखायी जाएगी।

(11). यदि किसी इनपुट सामग्री/सेवा को किसी बाहरी पक्षकार के माध्यम से प्रसंस्कृत किया जाता है तो इसे तैयार के लिए भेजी गई मात्रा, तैयार होने के पश्चात् प्राप्त मात्रा, उपकरण/सेवा की मात्रा का अधिशेष, निर्माण के दौरान उपकरण/सेवा का नुकसान और अपव्यय, उत्पाद के मूल्य बढ़ने पर, यदि कोई हो तो, और सेवा की प्रक्रिया/प्रस्तुत करने सहित लागत के उचित अभिलेख तैयार किए जाएंगे।

2. वेतन और मजूदरी:

(1) उपस्थिति और अर्जन को उपदर्शित करने के लिए लागत केन्द्रों और विभागों को समनुदेशित और उस कार्य जिसपर वह नियोजित किए गए हैं के सभी कर्मचारियों के समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। अभिलेख प्रत्येक लागत केन्द्र या विभाग के लिए निम्नलिखित को पृथक रूप से उपदर्शित करेंगे:

(**क**) मात्रानुपाती दर मजदूरी (जहां लागू हो);

(ख) उत्पादन बोनस या आउटपुट के आधार पर किसी अन्य स्कीम के अधीन प्रोत्साहन मजदूरी (व्यष्टिक रूप से या सामूहिक रूप से)

(ग) समयोपरि मजदूरी

(घ) आकस्मिक या अनुबंधीय मजदूरी की कमाई

(ङ) बोनस या उपदान, कानूनी और अन्य

(च) पेंशन योजना में अभिदाय

(छ) कर्मचारी स्टॉक विकल्प की लागत

(ज) यात्रा अवकाश रियायत

(झ) संदत्त छुट्टियां

(ञ) वेतन के साथ छुट्टी

(ट) प्रशिक्षण, कार्यशाला, सेमिनार व्यय

(ठ) चिकित्सा/स्वास्थय, सुरक्षा, शिक्षा व्यय

(ड) मजदूर कल्याण के लिए कोई अन्य कानूनी उपबंध

(ढ) कोई अन्य नि:शुल्क या सहायिकीकृत सुविधा

(2) अभिलेखों को इस रीति से तैयार किया जाएगा जिससे कंपनी निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं के संदर्भ सहित लागत केन्द्र अनुसार या विभागानुसार इन व्ययों को लेखाबही में दर्ज कर सके और आवश्यक ब्यौरे तैयार कर सके। जहां कर्मचारी इस तरीके से कार्य करते है कि उनकी किसी लागत केन्द्र विशेष/सेवा केन्द्र विशेष या विभाग विशेष के अनुसार पहचान नहीं की जा सके वहां कर्मचारी लागत को लागत केन्द्र/सेवा केन्द्रों या विभागों में बराबर और उचित आधार पर लागत केन्द्र/सेवा केन्द्रों या विभागों को बांटा जाएगा और नियमित रूप से लागू होगा।

(3) निष्क्रिय मजदूर लागत का अभिलेख इसके कारण बताने वाले वर्गीकृत शीर्षक में अलग से तैयार किया जाएगा। निष्क्रिय समय के लिए दिए गए वेतन के लेखाकरण के लिए प्रयुक्त विधि को लागत अभिलेखों का प्रकटन किया जाएगा।

(4) पूंजीगत कार्यों जैसे कारखानों और मशीनरी, इमारतों या अन्य जंगम आस्तियों के लिए आबंटनीय कोई मजदूरी या वेतन संबंधित पूंजीगत शीर्ष के अधीन गणना में लिया जाएगा। इस तरह के वेतनों के लेखाकरण के लिए प्रयुक्त विधि निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं की लागत को जानने के लिए उचित और न्यायोचित आधार पर होगी और लगातार लागू की जाएगी। उक्त विधि का लागत अभिलेख में भी प्रकटन किया जाएगा।

(5) कर्मचारियों को मिलने वाले सामान्य सेवानिवृति लाभ की लागत अलग से अभिलेख की जाएगी और लागत पर प्रभारित की जाएगी। इस तरह की लागत के लेखाकरण के लिए प्रयुक्त विधि निर्दिष्ट वस्तुओं/ सेवाओं की लागत को जानने के लिए उचित और न्यायोचित आधार पर होगी और लगातार लागू की जाएगी। उक्त विधि अलग से भी स्पष्ट की जाएगी। सामान्य सेवानिवृति लाभ के अतिरिक्त मिलने वाले लाभ जैसे कि ऐच्छिक सेवानिवृति योजना के अधीन लाभ असामान्य व्यय माने जाते हैं और वेतन और मजदूरी के अंग और वस्तुओं के विनिर्माण/सेवाओं को प्रदान करने वाली लागत है।

3. उपयोगिताएं :

(1) विभिन्न लागत केन्द्रों पर उत्पादित और उपयुक्त प्रत्येक उपयोगी सेवा जैसे बिजली, पानी, वाष्प, अवशिष्ट उपचार आदि की मात्रा और लागत को इस रीति से दर्शाने वाले उचित अभिलेख रखे जाएंगे, जिनमें प्रत्येक उपयोगी सेवा का पृथक विवरण हो।

(2) अगर कोई उपयोगी सेवा क्रय की जाती है तो प्रत्येक क्रय की गई सेवा की मात्रा और लागत के लिए प्रत्यक्ष शुल्कों सहित उसकी सुपुर्द लागत को दर्शाने वाले उचित अभिलेख रखे जाएंगे।

(3) यदि कंपनी या अन्य संबंधित पक्ष की किसी अन्य इकाई द्वारा कोई सेवा उत्पादित और उपलब्ध कराई जाती है तो उसकी लागत और मात्रा के आंकलन के लिए उसके उचित अभिलेख रखे जाएंगे।

(4) यदि कोई सेवा कंपनी या उसके संबंधित पक्ष की किसी अन्य इकाई को उपलब्ध कराई जाती है तो उसकी गणना वास्तविक और उचित आधार पर की जाएगी और लगातार प्रयुक्त होगी।

(5) लागत केन्द्रों और निजी वस्तुओं/सेवाओं को आंबटित/विभाजित सेवा के लागत वास्तविक उचित आधार पर तय की जाएगी और लगातार प्रयुक्त होगी।

(6) यदि कोई सेवा निर्दिष्ट किसी वस्तु/सेवा के उत्पादन में प्रयुक्त कच्चे माल के लिए महत्वपूर्ण निवेश है तो इस तरह की प्रत्यक्ष सेवा इस तरह के कच्चे माल/इनपुट सेवा की लागत में शामिल की जाएगी और उसी के अनुसार दर्शायी जाएगी।

(7) सेवा के संबंध में किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता, अनुदान/प्रोत्साहन, प्रत्यय वसुलियां, असामान्य लागत, शास्तियां या नुकसान के लिए संदाय को दर्शाने वाले उचित अभिलेख तैयार किए जाएंगे।

(8) ऊर्जा सरंक्षण के लिए किए गए उपाय और प्रति इकाई पर वस्तुओं/सेवाओं की लागत पर तद्नुरूप प्रभाव को दर्शाने वाले अभिलेख तैयार किए जाएंगे।

4. सेवा विभाग व्यय:

इंजीनियरिंग, कार्यशाला, डिजाईनिंग, लैब, सुरक्षा, परिवहन, कंप्युटर इकाई, कल्याण आदि प्रत्येक सेवा लागत केन्द्र के व्यय को दर्शाने वाले अभिलेख तैयार किए जाएंगे। ये व्यय अन्य सेवाओं और उत्पादन विभागों में भी न्यायोचित और उचित आधार

पर विभाजित किए जाएंगे और लगातार लागू होंगे। यदि ये सेवाएं कंपनी की अन्य वस्तुओं/सेवाओं के लिए उपयोग की जाएगी तो निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं तथा अन्य वस्तुओं/सेवाओं के इस तरह के व्ययों पर विवरण यर्थाथ और उचित आधार पर किया जाएगा और लगातार लागू होगा। उक्त आधार लागत अभिलेखों में भी स्पष्ट किया जाएगा। बाहरी पक्षों में विक्रय के संदर्भ सहित खरीद, उत्पादन, वितरण, विपणन और सेवाओँ के मूल्य की लागत को दर्शाने वाले उचित अभिलेख तैयार किए जाएंगे किसी प्रकार की आर्थिक सहायता, अनुदान/प्रोत्साहन, वसूली, असामान्य लागत, अर्थदंड या नुकसान से संबंधित उचित अभिलेख तैयार करने के अतिरिक्त संबंधित पक्षों से प्राप्त/प्रस्तुत सेवाओँ की लागत से और विदेशी विनिमय में लगी सेवा लागत केन्द्रों की लागत का उचित अभिलेख तैयार किया जाएंगे।

5. मरम्मत और रखरखाव:

(1) विभिन्न लागत केन्द्रों या विभागों में कार्यशाला, औजार कक्ष तथा मरम्मत और रखरखाव में हुए व्यय को दर्शाने वाला अभिलेख तैयार किया जाएंगे। अभिलेख विभिन्न केन्द्रों और विभागों के इस तरह व्यय को भी दर्शाएंगे। इन-हाऊस और आऊटसोर्स पर किए गए कार्यों की मरम्मत और रखरखाव की लागत, महत्वपूर्ण जांच की लागत, संबंधित पक्ष को मरम्मत और रखरखाव के लिए चुकाई गई/चुकाने योग्य, विदेशी विनिमय में हुआ व्यय और किसी आर्थिक सहायता, अनुदान/प्रोत्साहन, प्रत्यय/वसूली, शास्ति और नुकसान और इस मत की लागत के असामान्य हिस्से से संबंधित अभिलेख तैयार किए जाएंगे। कार्यशाला, औजार कक्ष और मरम्मत व्यय रखरखाव की लागत के हिस्से वास्तविक उचित आधार निर्धारित किए जाएंगे।

(2) उपर्युक्त के अतिरिक्त, अभिलेखों में राशि और भंडार की अधिशेष मालसूची का अनुपात और ऐसे मदों के हिस्से पुर्जे दर्शाए जाएंगे जो 24 माह से अधिक समय से उपयोग नहीं किए गए हैं।

(3) प्रमुख मरम्मत कार्यों पर व्यय जिससे एक से अधिक वित्त वर्ष के लिए लाभ प्राप्त होने की संभावना है, को पृथकत: उपदर्शित किया जाएगा और ऐसी अवधि, जिसके लिए उक्त लाभ साम्य, तथ्य निरंतर तर्कसंगत आधार पर प्राप्त होने की आशा है, को लागत में समामेलित किया जाएगा। ऐसी लागत के लेखाकरण की विधि और नियमन आधार भी लागत अभिलेखों में स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा।

6. नियत आस्तियां, अवक्षयण पट्टा:

(1) निर्दिष्ट वस्तुओं के उत्पादन/सेवाओं की उपलब्धता जिनके संबंध में अवक्षयण का उपबंध किया जाना है, के लिए प्रयुक्त आस्तियों हेतु समुचित और पर्याप्त अभिलेख रखे जाएगे। इन अभिलेखों में अन्य बातों के साथ-साथ प्रत्येक वस्तु/सेवा के अधीन आस्तियों का समूहीकरण, स्थापना प्रभार, अधिग्रहण की तारीख और अवक्षयण की दर सहित प्रत्येक आस्ति के अधिग्रहण की लागत दर्शायी जाएगी।

(2) ऐसे अभिलेख रखे जाएगे जो कुल अवक्षयण का, वर्ष का संचित अवक्षयण और निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं के लिए प्रयुक्त भूमि तथा भवन, संयंत्र और मशीनरी, फर्नीचर तथा उपस्कर आदि शीर्षों के अंतर्गत निवल जंगम आस्तियों का चयन और/या नियतन करने में सहायक होगें। निर्दिष्ट वस्तुओँ/सेवाओं की सांझी आस्तियों के विभाजन का आधार साम्य और तर्कसंगत आधार पर होगा और इसे निरंतर लागू किया जाएगा। आस्तियों के पुनः मूल्याकंन की दशा में इसका उल्लेख अलग से और पुनः मूल्यांकन पर अवक्षयण का अलग से उल्लेख भी किया जाएगा।

(3) विभिन्न लागत केन्द्र/सेवा केन्द्रों या विभागों के लिए अवक्षयण की गणना और नियतन या विभाजन का आधार और सभी वस्तुओं/सेवाओं पर समायोजन का लागत अभिलेखों में स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा। यदि लागत केन्द्रों या विभागों पर प्रभारित या प्रभारयोग्य अवक्षयण कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्दिष्ट अवक्षयण की दरों को लागू करके आकलित अवक्षयण से अधिक या कम हो तो ऐसे आधिक्य या कम अवक्षयण का लागत अभिलेखों में स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा। लागत अभिलेखों में प्रत्येक वस्तु/सेवा की प्रति इकाई लागत पर ऐसे आधिक्य या कम अवक्षयण, जैसा कि हो, के प्रभाव को भी दर्शाया जाएगा। तथापि आस्ति की किसी मद के प्रति लागत अभिलेख में प्रभारित संचित अवक्षयण संबंधित आस्ति की मूल लागत से अधिक न हो।

(4) पट्टे पर ली गई या दी गई आस्तियों के विवरण देने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। प्राप्त या प्रदत्त वित्तीय प्रभारों, अवक्षयण आदि के संबंध में पट्टा किराया के विभाजन का अलग से अभिलेख रखा जाएगा। संबंधित पक्षकार से ली गई और दी गई आस्तियों के विवरण अलग से रखे जाएंगे।

7. ऊपरी शीर्ष:

(1) निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं से संबंधित ऊपरी व्ययों सहित अप्रत्यक्ष व्यय की विभिन्न मदों के समुचित अभिलेख रखे जाएगे। इन व्ययों का कार्यों जैसे निर्माण, प्रशासन, विक्रय एवं वितरण, मुख्यालय व्यय के अनुसार विश्लेषण, वर्गीकृत और समूहीकरण किया जाएगा।

(2) विदेशी मुद्रा, किसी सहायिकी, अनुदान, प्रोत्साहन, ऋण/वसूली, समायोजित न किए गए ऊपरी खर्चों और असामान्य व्यय पर खर्च किए गए ऊपरी खर्चों और साथ ही किसी संबंधित पार्टी से प्राप्त या सप्लाई किए गए संसाधनों के संबंध में समुचित अभिलेख रखे जाएंगे।

(3) यदि कंपनी निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं का निर्माण/सेवाएं प्रदान कर रही है तो अभिलेखों में कंपनी के इस प्रकार की वस्तुओं/सेवाओं और पूंजी निर्माण कार्यों सहित निर्दिष्ट वस्तु/सेवाओं के मुख्यालय व्यय सहित साझें ऊपरी खर्चों के विभाजन के लिए अपनाए जा रहे आधार का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा। यदि ऊपरी खर्चों के एक भाग में कतिपय व्यय किसी विशेष वस्तु/सेवा के साथ जोड़े जा सकते हों तो उक्त व्यय को पहले अलग किया जाएगा और प्रथमदृष्टया संबंधित वस्तुओं/सेवाओं से प्रभारित किया जाएगा और उसके बाद ऊपरी खर्च की उपर्युक्त श्रेणियों के तहत शेष व्यय का विभाजन निरंतर, साम्य और तर्कसंगत आधार पर किया जाएगा। पूंजी निर्माण कार्यों के लिए प्रभार योग्य ऊपरी खर्च का उल्लेख लागत अभिलेखों में अलग से किया जाएगा। लागत केन्द्रों या विभागों तथा वस्तुओं/सेवाओं के ऊपरी खर्चों के विभाजन या समायोजन का आधार लागत अभिलेखों में दर्शाया जाएगा। अभिलेख इस प्रकार रखे जाएंगे ताकि निर्माण कार्यों के विवरण, प्रशासन, विक्रय और वितरण ऊपरी खर्चों, मुख्यालय व्यय इत्यादि के विवरण दर्शाए जा सकें।

8. स्वामित्व और तकनीकी जानकारी फीस :

सहयोगियों या प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं के साथ किए गए करारों की शर्तों के अनुसार निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं के लिए किए गए आवर्ती या गैर आवर्ती भुगतान, यदि हो तो उसके सहित स्वामित्व तथा/या तकनीकी जानकारी फीस दर्शाने के लिए पर्याप्त अभिलेख रखे जाएंगे। इस प्रकार के अभिलेख ऐसे प्रत्येक समझौते या व्यवस्था के संबंध में अलग-अलग रखे जाएंगे। एकमुश्त भुगतान और इसके शोधन सहित प्रत्येक राशि प्रभारित करने का आधार लागत अभिलेखों में दिया जाएगा।

9. अनुसंधान एवं विकास व्यय:

(1) कंपनी द्वारा इन नियमों के अंतर्गत शामिल होने वाली वस्तुओं/सेवाओं पर वस्तुओं/सेवाओं के विकास की प्रकृति के अनुसार—वर्तमान और नई, सुविधाओं का डिजायन और विकास तथा वर्तमान और नई वस्तुओं/सेवाओं के लिए बाजार अनुसंधान पर किए गए व्यय, यदि कोई हो के ब्यौरे दर्शाने वाला समुचित अभिलेख अलग से रखा जाएगा। इन अभिलेखों में अनुसंधान एवं विकास कार्य के लिए बाहरी पार्टियों को दिए गए भुगतान का भी उल्लेख किया जाएगा। एकमुश्त भुगतान और इसके शोधन सहित इस प्रकार की राशि प्रभारित करने का उल्लेख भी लागत अभिलेखों में किया जाएगा।

(2) निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं तथा अन्य वस्तुओं/सेवाओं के उत्पादन की लागत में इस व्यय को प्रभारित करने का आधार लागत अभिलेखों में दर्शाया जाएगा। यदि अनुसंधान एवं विकास कार्य की उपयोगिता एक से अधिक वित्तीय वर्ष तक रहती है तो निर्दिष्ट वस्तु/सेवाओं तथा अन्य सभी वस्तुओं/सेवाओं की लागत पर यह व्यय साम्य तर्कसंगत आधार पर किया जाएगा और इसकी उपयोगिता अवधि एक से अधिक वित्तीय वर्ष तक बढ़ाने के आधार का मानदंड भी निरंतर लागू किया जाएगा।

(3) विदेशी मुद्रा और किसी सहायिकी, अनुदान, प्रोत्साहन, ऋण/वसूलियां, भुगतान की गई शास्ति और क्षति तथा कोई अन्य असमान्य व्यय पर खर्च किए गए व्यय और किसी संबंधित पक्षकार से प्राप्त या आपूर्ति किए गए संसाधनों के संबंध में समुचित अभिलेख रखे जाएंगे।

(4) अनुसंधान एवं विकास विभाग द्वारा बाहरी व्यक्तियों को दी गई प्रौद्योगिकी जानकारी के लिए किए गए व्यय का अभिलेख पृथक्त: रखा जाएगा और इसमें निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं की लागत शामिल नहीं होगी। बाहरी व्यक्तियों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए वसूल की गई राशि का भी अलग से उल्लेख किया जाएगा और निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं की बिक्री से प्राप्त होने वाली आय से पृथक रखा जाएगा।

10. गुणवत्ता नियंत्रण:

निर्दिष्ट माल/सेवाओं के लिए गुणवत्ता नियंत्रण विभाग या लागत केन्द्र/सेवा केन्द्र पर हुए व्ययों को दर्शाने के लिए उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे। यदि इन सेवाओँ का उपयोग कंपनी की अन्य माल/सेवाओं के लिए किया गया है तो निर्दिष्ट वस्तुओं/सेवाओं और अन्य वस्तुओं/सेवाओं के मध्य उनके विभाजन का आधार समरूप और औचित्यपूर्ण होगा। संबंधित पक्ष से प्राप्त या आपूर्ति किए गए संसाधनों, विदेशी मुद्रा में व्यय की गई लागत और कोई सहायिकी, अनुदान, प्रोत्साहन, ऋण/वसूली, समायोजित न हुए ऊपरी शीर्ष किसी असामान्य अंश आदि का उपयुक्त अभिलेख रखा जाए।

11. चालू कार्य तथा तैयार स्टॉक:

चालू कार्य और तैयार माल के स्टॉक तथा परिदान के लिए तैयार या प्रक्रियाधीन सेवाओं की लागत के निर्धारण की उपयुक्त प्रणाली होगी और उसका उल्लेख लागत अभिलेखों में किया जाएगा ताकि वह लागत अंश स्पष्ट हो जिसके आधार पर

उक्त गणना की गई है। निर्माणाधीन और तैयार स्टॉक की लागत की गणना करते समय माल सूची को वर्तमान स्थल पर लाने तथा परिस्थिति पर हुए सभी परिवर्तन व्ययों को ध्यान में रखा जाएंगा। चालू और तैयार स्टॉक की लागत के निर्धारण के लिए अपनाई गई प्रणाली सतत रूप से अपनाई जाएंगी।

12. कैप्टिव उपभोग:

यदि निर्दिष्ट माल/सेवाओं का प्रयोग सीमित उपभोग के लिए किया जाता है तो स्वतः खपत के लिए कंपनी के अन्य विभागों या लागत केन्द्रों या इकाइयों में स्थानांतरित या बाहरी पक्षों को बेची गई प्रत्येक उक्त माल/सेवा की मात्रा और लागत के उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे।

13. गौण उत्पाद:

निर्मित गौण उत्पाद की प्रत्येक मद यदि कोई हो तो, के उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे। जिनमें मात्रा और मूल्य दोनों की दृष्टि से आवती, निर्गम और बकाया दर्शाया जाएगा। संबंधित प्रक्रिया हेतु ऋण देने के लिए गौण उत्पाद के मूल्यांकन के लिए अपनाया गया आधार समरूप और सतत् होना चाहिए तथा उसका उल्लेख लागत अभिलेखों में किया जाना चाहिए। प्रक्रिया, यदि कोई है तो, पर हुए व्यय के साथ-साथ गौण उत्पाद की वास्तविक बिक्री वसूली के अभिलेख रखे जाए। ऋण/गौण उत्पादों की बिक्री से हुई वसूली के संबंध में उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे।

14. संयुक्त उत्पाद/सेवाएं:

जहां किसी प्रक्रिया से एक से अधिक उत्पाद/सेवा जिनका समान आर्थिक महत्व हो उद्भूत होती है, उसे संयुक्त उत्पाद/सेवाओं से अलग करने की सीमा तक लागत का प्रभाजन का आधार निरंतर, समरूप और औचित्यपूर्ण होना चाहिए। उक्त प्रक्रिया से तैयार विभिन्न उत्पादों/सेवाओं की संयुक्त लागत के प्रभाजन के आधार का उल्लेख का लागत अभिलेखों में किया जाए। संयुक्त उत्पाद/सेवाओं के निपटान के लिए ऋण/वसूलियों के संबंध में उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे।

15. पैकिंग व्यय:

घरेलू और निर्यात पैकिंग के उपयुक्त अभिलेख अलग-अलग रखे जाएंगे जिनमें मूल्याकंन का आधार दर्शाते हुए आरंभिक और/या द्वितीयक् पैकिंग के लिए विभिन्न पैकिंग सामग्री की मात्रा और लागत तथा अन्य व्यय का उल्लेख किया जाएगा। जहां किए गए उक्त व्यय अन्य माल में भी वही हो, तो संगत माल के बीच व्यय के प्रभाजन का आधार निरंतर समरूप और औचित्यपूर्ण होना चाहिए। संबंधित पक्ष से प्राप्त या आपूर्ति की गई पैकिंग सामग्री, विदेशी मुद्रा में व्यय की गई लागत और कोई सहायिकी, अनुदान, प्रोत्साहन, ऋण/वसूली, समायोजित न हुए ऊपरी शीर्ष, शास्ति और क्षति, किसी असामान्य अंश आदि का उपयुक्त अभिलेख रखा जाएगा।

16. ब्याज तथा उधार लेने की अन्य लागत:

(1) प्रत्येक परियोजना और/या कार्यशील पूंजी के लिए उधार ली गई धनराशि और उस पर अधिरोपित ब्याज के उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे। निर्दिष्ट माल/सेवाओं तथा अन्य माल/सेवाओं के संबंध में निवल ब्याज की राशि और उधार लेने की अन्य लागतों का आबंटन या प्रभाजन समरूप और औचित्यपूर्ण आधार पर निरंतर किया जाएगा। उक्त माल/सेवाओं की विभिन्न किस्मों ब्याज के अंश को आगे प्रभारित करने का आधार भी समरूप और औचित्यपूर्ण आधार पर निरंतर किया जाएगा। इन आबंटनों या प्रभाजन के आधार पर स्पष्ट उल्लेख लागत अभिलेखों में किया जाएगा।

(2) निर्माणाधीन परियोजना पर हुए निवल ब्याज और उधार की अन्य लागतों का उल्लेख, परियोजना के चालू होने की तारीख की अवधि तक किया जाएगा।

(3) संबंधित पक्ष को विदेशी मुद्रा में संदत्त/देय उक्त व्यय और प्राप्त/प्राप्ति योग्य सहायिकी, अनुदान, प्रोत्साहन और इसी प्रकार की कोई धनराशि, शास्ति ब्याज का भुगतान या संदत्त जुर्माना/क्षतियों के संबंध में उचित अभिलेख रखे जाएंगे।

(4) पूर्वावधियों के संबंध में किए गए तथा प्रत्यक्ष रूप से समायोजित उक्त व्ययों के संबंध में उचित अभिलेख रखे जाएंगे।

17. निर्यात पर व्यय या प्रोत्साहन:

(1) निर्दिष्ट माल/सेवाओं के निर्यात बिक्री पर हुए व्यय, यदि कोई है तो, के अलग-अलग उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे ताकि निर्यात बिक्री की सही लागत का निर्धारण किया जा सके। निर्यात किए गए माल/सेवाओं की अलग-अलग लागत विवरण तैयार किए जाएंगे जिनमें निर्यात पर हुए व्यय या अर्जित प्रोत्साहनों के ब्यौरे दिए जाएंगे।

(2) उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे जिनमें अनुज्ञप्ति वार वचनबद्ध निर्यात और 'इन वचनबद्धताओं' को पूरा करने, अनुपालन न करने पर उनके कारण, यदि कोई हो तो, के ब्यौरे दिए जाएंगे। उत्पाद फीस मुक्त आयात की दशा में लागत विवरणों में इस तथ्य को दर्शाया जाएगा। यदि वास्तविक उत्पादन के पश्चात् उत्पाद फीस मुक्त आयात किया गया है तो यह तथ्य भी विवरण में दर्शाया जाएगा।

18. प्रदूषण नियंत्रण:

(1) पर्यावरण के संरक्षण के लिए कंपनी द्वारा किए गए विभिन्न उपायों जैसे बहीःस्त्राव उपचार वायु, जल आदि के प्रदूषण पर नियंत्रण पर किए गए व्यय के उचित अभिलेख रखे जाएंगे। प्रदूषण नियंत्रण व्यय के आधार पर, कंपनी ने और बाहर से कराए गए इन कार्यों के अलग-अलग व्यय, संबंधित पक्षों को भुगतान की गई/भुगतान की जाने वाली प्रदूषण नियंत्रण लागत, विदेशी मुद्रा में किया गया व्यय और कोई सहायिकी, अनुदान, प्रोत्साहन, ऋण/वसूली, ऐसी लागत/जुर्माने और क्षति के लिए किया गया कोई असामान्य भुगतान और प्रदूषण नियंत्रण एंजेसी से प्राप्त/प्राप्ति योग्य किसी राशि से संबंधित अभिलेख।

19. उत्पादन अभिलेख:

सभी तैयार माल (पैक्ड या बिना पैक्ड)/ उपलब्ध कराई गई सेवाओं के मात्रात्मक अभिलेख रखे जाएंगे जिनमें निर्दिष्ट माल/सेवाओं की विभिन्न किस्म के उत्पादन, बिक्री के लिए निर्गम और बकाया दर्शाया जाए। स्वयं उत्पादित, तृतीय पक्ष द्वारा जॉब वर्क, ऋण अनुज्ञप्ति आधार आदि के लिए माल के उत्पादन/उपलब्ध कराई गई सेवाओं के मात्रात्मक अभिलेख रखे जाएंगे।

20. बिक्री अभिलेख:

नियंत्रित कीमतों पर घरेलू बिक्री, बाजार कीमत पर घरेलू बिक्री, अग्रिम अनुज्ञप्ति के अधीन निर्यात बिक्री, अन्य बाध्यताओं के तहत निर्यात बिक्री, बाजार कीमत पर निर्यात बिक्री, संबंधित पक्ष/अंत: एकक अंतरण को बिक्री के संबंध में बिक्री के अलग-अलग ब्यौरे रखे जाए। नियंत्रित कीमतों पर घरेलू परिदान/बिक्री, बाजार कीमत पर घरेलू परिदान/बिक्री, अग्रिम अनुज्ञप्ति के तहत निर्यात परिदान/बिक्री, अन्य बाध्यताओं के तहत निर्यात परिदान/बिक्री, बाजार कीमत पर निर्यात परिदान/बिक्री, संबंधित पक्ष/अंतर यूनिट स्थानांतरण को परिदान/बिक्री की दशा में, उक्त ब्यौरे प्रत्येक संयत्र/इकाई वार या सेवा केन्द्र वार कुल के साथ-साथ प्रति एकक वसूली के लिए अलग-अलग रखे जाएंगे।

21. लागत की कोई अन्य मद:

लागत की किसी अन्य मद, जिसे लागत अभिलखों में शामिल करने के लिए अपरिहार्य और आवश्यक समझा जाए, के उपयुक्त अभिलेख निर्दिष्ट माल/सेवाओं के कुल और प्रति इकाई लाभ, बिक्री की लागत, माल के उत्पादन/सेवाएं उपलब्ध कराने की लागत की गणना के लिए रखे जाएंगे।

22. लागत में अंतर का समायोजन:

जहां कंपनी वास्तविक से भिन्न मानक लागत के स्थान पर किसी और आधार पर लागत अभिलेख रखती है तो अभिलेखों में उक्त प्रणाली के अधीन माल/सेवाओं की लागत की गणना के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया का उल्लेख किया जाएगा। अलग-अलग शीर्षों के सामने लागत अंतर दर्शाया जाएगा और सामग्री, श्रम, उपरी शीर्ष के तहत विश्लेषित किया जाएगा और उसे मात्रा, कीमत और कार्यदक्षता अंत में आगे बांटा जाएं। माल/सेवाओं की वास्तविक लागत के निर्धारण के लिए लागत अंतर के समायोजन के लिए अपनाई गई प्रणाली का स्पष्ट उल्लेख लागत अभिलेखों में किया जाएगा। अंतर के कारणों का उचित स्पष्टीकरण लागत अभिलेखों और विवरणों मे दिया जाएगा।

23. लागत विवरण:

(1) निर्दिष्ट प्रत्येक माल/सेवा के संबंध में मात्रात्मक सूचना दर्शाते हुए लागत विवरण (तिमाही और वार्षिक) तैयार किए जाएंगे जिनमें वर्तमान वित्तीय वर्ष और पिछले वर्ष के दौरान उपलब्ध क्षमता के ब्यौरे, वास्तविक उत्पादन, उत्पाद फीस अभिलेखों के अनुसार उत्पादन, क्षमता उपयोग (इन-हाउस), व्यापार के लिए खरीदा गया स्टॉक, स्टॉक और अन्य समायोजन, बिक्री के लिए उपलब्ध मात्रा, अपव्यय और वार्षिक बिक्री आदि दर्शायी जाएं।

(2) इन विवरणों में लागत की सभी प्रमुख मदों जिनमें माल/सेवाओं के उत्पादन की लागत, माल/सेवाओं की बिक्री की लागत और कुल के साथ-साथ माल/सेवाओं की प्रति यूनिट अतिरिक्त मार्जिन शामिल है, से संबंधित ब्यौरे भी शामिल किए जाएंगे। किसी प्रक्रिया से तैयार होने वाली माल/सेवा जोकि बाद की प्रक्रिया में कच्चे माल या आदान सामग्री/सेवा का रूप लेती है, का मूल्य पिछले चरण तक उत्पादन/सेवा की लागत के आधार पर लगाया जाएगा।

(3) अप्रत्यक्ष करों के समायोजन के संबंध में लागत विवरणों (तिमाही और वार्षिक) में माल/सेवाओं की कुल निकासी, मूल्यांकन योग्य मूल्य, भुगतान किया गया फीस/कर केन्द्रीय वेट/वेट/उपयोग किया गया सेवा कर प्रत्यय, वसूल किए गए फीस/कर तथा भुगतान किया गया ब्याज/शास्ति के ब्यौरे दर्शाए जाएं।

(4) यदि कंपनी एक से अधिक संयंत्र, कारखाना या सेवा केन्द्र चला रही है तो प्रत्येक संयंत्र, कारखाना या सेवा केन्द्र के संबंध में उपर निर्दिष्ट अनुसार अलग-अलग लागत विवरण तैयार किए जाएं।

(5) कंपनी द्वारा उत्पादित माल/सेवाओं की लागत और लाभ की उपयुक्त प्रस्तुति के लिए आवश्यक समझे जाने पर अन्य विवरण/सूचना भी तैयार किया जाएगा।

IndiaCode

24. लागत और वित्तीय लेखों का समायोजन:

(1) लागत विवरण संबंधित वित्तीय वर्ष की वित्तीय विवरणों से समायोजित होने चाहिएं और उनमें स्पष्ट रूप से ऐसे व्यय या आय का उल्लेख होना चाहिए जिन पर लागत अभिलेखों या विवरणों में विचार नहीं किया गया है ताकि उनका सटीक होना सुनिश्चित किया जा सके और निर्दिष्ट माल/सेवाओं के लाभ का समायोजन कंपनी के समग्र लाभ से हो सके। अतंर यदि कोई हो तो, का स्पष्ट उल्लेख किया जाए और स्पष्टीकरण दिया जाए।

(2) एक विवरण तैयार किया जाएगा जिसमें विभिन्न लेखा शीर्षों के तहत कंपनी को प्राप्त कुल आय और हुए व्यय तथा निर्दिष्ट माल/सेवाओं और अन्य माल/सेवाओं पर लागू शेयर को दर्शाया जाएगा जो वित्तीय विवरण से समायोजित होता हो।

25. सांख्यिकीय अभिलेख:

(1) निर्दिष्ट माल के उत्पादन/सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विभिन्न उत्पादन विभागों में उपलब्ध मशीन घंटे या प्रत्यक्ष मजदूरी घंटे तथा उनके वास्तविक उपयोग तथा उनमें कमी के उपयुक्त विश्लेषण के बारे में अभिलेख रखें जाएंगे। मशीन और/श्रम के निष्क्रिय रहने के घंटो की गणना का उपयुक्त अभिलेख रखा जाए और विश्लेषण किया जाएगा।

(2) उपयुक्त अभिलेख इस दृष्टि से रखे जाएंगे कि कंपनी निर्दिष्ट माल और सेवाओं तथा अन्य माल और सेवाओं के उत्पादन/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगाई गई पूंजी, निवल अचल आस्तियों और चालू पूंजी को अलग-अलग चिन्हित कर सके। चिह्नित न की जा सकने वाली मदों का आबंटन अलग-अलग माल/सेवाओं के लिए उपयुक्त और औचित्यपूर्ण ढ़ग से किया जाए। निर्दिष्ट माल के उत्पादन/सेवाएं उपलब्ध कराने से संबंधित अचल संपत्तियों पर किए गए ऐसे नये निवेश जिनका संगत अवधि/वर्ष के दौरान माल के उत्पादन/सेवाएं उपलब्ध कराने में योगदान नहीं है, का उल्लेख लागत अभिलेखों में किया जाए। इसके अलावा, अभिलेखों में, प्रतिस्थापन्न के रूप में और मौजूदा क्षमता बढ़ाने के लिए लाई गई आस्तियों को दर्शाया जाएगा।

26. भौतिक सत्यापन के अभिलेख:

स्टॉक में रखी सभी मदों जैसे कि कच्चे माल, प्रक्रियाधीन सामग्री, पैकिंग सामग्री, उपभोज्य भंडारण, मशीनरी के अतिरिक्त कल-पूर्जे, रसायन, ईधन, तैयार माल और अचल आस्तियों आदि के संबंध में भौतिक सत्यापन के अभिलेख रखे जाएंगे। इन सत्यापनों के फलस्वरूप कमी/अतिरिक्त मदों के कारणों तथा माल/सेवाओं की लागत में उनके समायोजन के लिए अपनाई जाने वाली प्रणाली का उल्लेख अभिलेखों में किया जाएगा।

27. संबंधित पक्षकार लेन-देन:

(1) कंपनी द्वारा किसी ऐसी कंपनी को जिसे "संबंधित पक्षकार संबंध" कहा गया है और विलोमतः स्थिति में, संबंधित पक्ष लेन-देन या की गई आपूर्ति या उपलब्ध कराई गई सेवाओं के अभिलेख रखे जाएंगे जिनमें निम्नलिखित के संबंध में किए गए करार, अनुबंधों या समझौतों को दर्शाया जाएगाः-

(क) कच्चे माल की खरीद और बिक्री, तैयार माल, सेवाएं उपलब्ध कराना, प्रक्रियाधीन सामग्री और कतरन समेत रद्द किया गया माल;

(ख) संयत्र – सुविधाओं तथा तकनीकी जानकारी का उपयोग;

(ग) जनसुविधाओं और अन्य सेवाओं की आपूर्ति;

(घ) प्रशासनिक, तकनीकी, प्रबंधकीय या कोई अन्य परामर्शदात्री सेवाएं;

(ड़) संयत्र और मशीनरी समेत पूंजीगत माल की खरीद और बिक्री; और

(च) निर्दिष्ट माल के उत्पादन/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई अन्य भुगतान

(2) इन अभिलेखों में उस आधार पर भी उल्लेख किया जाए जिसके आधार पर इन माल या सेवाओं के लिए दरें तय की गई या भुगतान किया गया ताकि इन दरों, जहां तक वे निर्दिष्ट माल और सेवाओं से संबंधित है, के बारे में इन दरों के औचित्य का निर्धारण किया जा सकता है ।

प्ररूप सं. सीआरए-2 **[नियम 6(2) के अनुसरण में]**	**कंपनी, भारत सरकार द्वारा लागत लेखा परीक्षक के नियुक्ति की सूचना का प्ररूप**

टिप्पण-* चिन्ह दिए हुए सभी क्षेत्रों को भरना अनिवार्य है।

1. (क) *कंपनी की कारपोरेट परिचय संख्या (सीआईएन) या विदेशी कंपनी पंजीकरण संख्या (एफसीआरएन).....

(ख) कंपनी की सार्वभौम स्थिति संख्या (जीएलएन).....

2. (क) कंपनी का नाम.....

(ख) पंजीकृत कार्यालय का पता या भारत में कंपनी के व्यापार के प्रधान स्थान

पता.....

(ग) *कंपनी की ई-मेल आईडी.....

3. लागत लेखा से संबंधित सामान/या सेवाएं .....

4. **नियुक्त लागत-लेखा परीक्षण का विवरण**

(क) बोर्ड के प्रस्ताव द्वारा नियुक्त हुआ लागत-लेखा परीक्षक के स्वामित्व का नाम साझेदारी फर्म या एलएलपी.....

(ख) (i) *पता पंक्ति I.....

पंक्ति II.....

(ii) शहर.....

(iii) राज्य.....

(iv) देश.....

(v) पिन कोड.....

(ग) *फर्म का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों का विवरण

(i) नाम.....

(ii) सदस्यता संख्या.....

(घ) फर्म या सदस्य की ई-मेल आईडी.....

5. लागत लेखा के अंर्तगत आवृत वित्तीय वर्ष

(क) *से.....(तारीख/माह/वर्ष)

(ख) *तक..... (तारीख/माह/वर्ष)

6. * निदेशक बोर्ड द्वारा लागत-लेखा परीक्षक को नियुक्त करने के लिए हुई बैठक की तिथि..... (तारीख/माह/वर्ष)

7. (क)*क्या लागत-लेखा परीक्षक का बदलाव हुआ है *हां *नहीं

(ख)* यदि हां तो पिछले लेखा-परीक्षक का नाम तथा उनका पता.....

(ग) लेखा-परीक्षक के बदलाव की वजह.....

(घ) क्या पिछले लेखा-परीक्षक को बदलाव की सूचना मिली है *हां *नहीं

संलग्नक

1. * कंपनी के बोर्ड के प्रस्ताव की प्रति
2. एच्छिक संलग्नक- यदि हो तो

संलग्नक की सूची

सत्यापन

मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दी गई सूचना एवं उनके संलग्नक संपूर्ण एवं सही है।

- मुझे 'निदेशक बोर्ड' प्रस्तावना सं.....दिनांक.....(तारीख/माह/वर्ष) इस सूचना को पेश करने तथा इस पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत किया है।
- मै इस सूचना को पेश करने तथा इस पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत हूं।

IndiaCode

डिजीटल हस्ताक्षर हेतु

इस संबंध में बोर्ड द्वारा प्राधिकृत महत्वपूर्ण प्रबंधकीय कर्मचारी या अधिकारी (भारतीय कंपनी) या प्राधिकृत प्रतिनिधि (विदेशी कंपनी की दशा में).....

*पदनाम.....

*प्राधिकृत प्रतिनिधि या प्रबंधक या प्रबंधन निदेशक या निदेशक की प्रतिनिधि .....

प्ररूप सीआरए-3

(नियम 6(4) के अनुसरण में)

लागत लेखा रिपोर्ट का प्ररूप

मैं/हम.....कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 148 (3) के अधीन. (कंपनी का नाम) ..... जिसका पंजीकृत कार्यालय .....(कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते का उल्लेख करें) (जिसे एतदपश्चात् कंपनी कहा गया है) के लागत लेखापरीक्षक नियुक्त होने के बाद अवधि/वर्ष..... (वित्तीय वर्ष का उल्लेख करें) के लिए उक्त अधिनियम की धारा 148 के तहत आने वाले लेखा बहियों तथा ..... (वस्तुओं/सेवाओं के नाम का उल्लेख करें) के संबंध में कंपनी द्वारा रखे गए अन्य संगत अभिलेखों की लेखा-परीक्षा की है पैरा 2 में उल्लिखित मेरी/ हमारी समुक्तियों तथा सुझावों के अलावा रिपोर्ट करता हूँ/करते हैं।

(i) मुझे/हमें मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य सूचना और विवरण प्राप्त नहीं हुए हैं जो कि इस लेखापरीक्षा के उद्देश्य के लिए आवश्यक थे।

(ii) मेरे/हमारे मतानुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसार निर्दिष्ट वस्तुओं/ सेवाओं के विषय में कंपनी द्वारा उचित लागत अभिलेख तैयार नहीं किया गया।

(iii) मेरे/हमारे मतानुसार मेरे/हमारे द्वारा निरीक्षण नहीं की गई शाखाओं से लागत लेखापरीक्षा के उद्देश्य से लिए वास्तविक उचित प्रतिफल प्राप्त नहीं हुआ।

(iv) मेरे/हमारे मतानुसार और मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार उक्त पुस्तक और अभिलेख कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा अपेक्षित सूचना अपेक्षित ढंग से देती/नहीं देती हैं।

(v) मेरे/हमारे मतानुसार कंपनी में लागत रिकॉर्डा की आंतरिक लेखापरीक्षा की उचित प्रणाली है नहीं है, जो मेरे/ हमारे मतानुसार अपने व्यवसाय की प्रकृति और आकार के अनुरूप है।

(vi) मेरे/हमारे मतानुसार इस लागत रिपोर्ट के अनुलग्नक में दी गई सूचना व विवरण वस्तु (वस्तुओं) के उत्पादन/सेवा (सेवाओं) के सर्मपण बिक्री की लागत, मार्जिन और निर्दिष्ट वस्तु (वस्तुओं)/ सेवा (सेवाओं) से संबंधित अन्य सूचना सत्य और सही सूचना देते /नहीं देते हैं।

2. लागत लेखापरीक्षा से संबंधित लागत लेखापरीक्षक की जांच और सुझाव, यदि कोई हो तो।

दिनांक दिन...../माह...../वर्ष

स्थान (इस रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने का स्थान).....

लागत लेखापरीक्षक (लेखापरीक्षकों)
का हस्ताक्षर और मुहर
सदस्यता संख्या

टिप्पणियां

(1) ऐसे शब्दों को मिटायें जो लागू नहीं है।

(2) लेखा बहियों की जांच के परिणास्वरूप यदि लेखा परीक्षक किसी तथ्यात्मक कमी की ओर ध्यान आकर्षित करना या सशर्त रिपोर्ट देना चाहता है तो पायी गई विसंगति का विवरण देते हुए लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट के निर्धारित प्ररूप में संबंधित पैरा (i) से (vi) के सामने लिखें।

(3) लागत लेखापरीक्षक द्वारा दी गई रिपोर्ट, सुझाव, जांच और निष्कर्ष सत्यापित आंकड़ों पर आधारित होगी। इसका संदर्भ यहां दिया जाएगा और जहां संभव हो वहां कंपनी को उन पर टिप्पणी करने का अवसर मिलने के बाद शामिल किया जाएगा।

लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट का अनुलग्नक

1. सामान्य सूचना

1. कंपनी का सीआईएन या जीएलएन:
2. कंपनी का नाम:
3. पंजीकृत कार्यालय का पता:
4. कारपोरेट कार्यालय का पता:
5. कंपनी का ई-मेल पता:
6. कंपनी के लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट से संबंधित वित्त वर्ष:
7. लागत लेखापरीक्षक (कों) का नाम, पता, सदस्यता संख्या और ई-मेल:
8. केन्द्र सरकार को लागत लेखापरीक्षक की नियुक्ति की सूचना के लिए फाइल किए गए फर्म की एसआरएन संख्या और तारीख:
9. निर्दिष्ट माल के वाणिज्यिक उत्पादन/सेवा(सेवाओं) की अदायगी के प्रारंभ होने की तारीख:
10. लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुलग्नक को अनुमोदित करने वाली निदेशक बोर्ड की बैठक की तारीख:
11. वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा आयोजित और लागत लेखापरीक्षक द्वारा भाग लिए गए लेखापरीक्षा समिति बैठकों की संख्या:
12. यदि निर्दिष्ट माल (मालों)/सेवा (सेवाओं) के लिए विदेशी तकनीकी सहयोग है तो निम्नलिखित ब्यौरे दिए जाएं:-

(क) विदेशी सहयोगी का नाम और पता;

(ख) समझौते की मुख्य शर्तें;

(ग) रॉयल्टी की राशि, कुल अदायगी, देय तकनीकी सहायता फीस और उसकी गणना का आधार;

(घ) क्या तकनीकी सहयोगी ने शेयरपूंजी में अंशदान किया है। यदि हां, तो इस प्रकार धारित प्रदत्त शेयरपूंजी।

2. लागत लेखांकन नीति

(1) कंपनी द्वारा अपनाई गई लागत लेखांकन नीति का संक्षिप्त विवरण दें और निर्दिष्ट प्रत्येक माल (मालों)/सेवा (सेवाओं) के लिए अलग-अलग उत्पादन/प्रचालन लागत, बिक्री लागत, बिक्री प्राप्तियां और मार्जिन को सही-सही निर्धारित करने के लिए इसकी उपयुक्तता या अनुपयुक्तता बताएं:

(क) लागत केन्द्र/लागत लक्ष्य और लागत प्रेरक की पहचान

(ख) पैकिंग सामग्री, भंडार और स्पेयर्स आदि सहित लागत सामग्री, कर्मचारी लागत, उपयोगी वस्तुएं और अन्य सुसंगत लागत अवयव के लिए लेखांकन

(ग) सिरोपरि लेखांकन, आवंटन और समामेलन

(घ) अवक्षयण/ऋणपरिशोधन के लिए लेखांकन

(ङ) सह-उत्पाद/सहयुक्त-उत्पाद या सेवाओं, स्क्रैप, रद्दी आदि के लिए लेखांकन

(च) वस्तुसूची मूल्यांकन का आधार

(छ) अंतर-इकाई/अंतर कंपनी और संबंधित पक्ष लेन-देन के मूल्यांकन का तरीका

IndiaCode

(ज) अन्य गैर-लागत मदों के वर्गीकरण सहित असामान्य और गैर आवर्ती लागतों का समाधान

(झ) कंपनी द्वारा अपनाई गई अन्य संगत लागत लेखांकन नीति

(2) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पूर्व वित्तीय वर्ष की तुलना में लेखापरीक्षा के अंतर्गत वस्तु (वस्तुओं)/सेवा (सेवाओं) के लिए लागत लेखा-नीति में किए गए परिवर्तनों यदि कोई हो तो का संक्षिप्त ब्यौरा दें, ।

(3) कंपनी द्वारा अनुपालित बजट नियंत्रण प्रणाली में कमी या अन्यथा लेने संबंधी लागत लेखापरीक्षक की टिप्पणियां, यदि कोई हैं तो

3. वस्तु (वस्तुओं) की निर्माण/ सेवा (सेवाओं) की वितरण प्रणालीः

वस्तु (वस्तुओं) के निर्माण/सेवा (सेवाओं के विवरण में शामिल वस्तु (वस्तुओं) के निर्माण/सेवा (सेवाओं) के उपबंध, उपयोगिता और उत्पादन सेवा विभाग को सम्मिलित करने वाले प्रवाह चार्ट के साथ वस्तु (वस्तुओं) के निर्माण/सेवा (सेवाओं) के विवरण की प्रणाली से संबंधित संक्षिप्त टिप्पणी।

4. उत्पाद समूह का ब्यौरा (समग्र कंपनी के लिए)

क्र. सं.	प्रत्येक वस्तु (वस्तुओं) सेवा (सेवाओं) का नाम	निवल विक्रय (करों, शुल्कों आदि का निवल	लागत लेखा परीक्षा में शामिल (हां/नहीं)
क	वस्तुओं का उत्पादन		
	1.		
	2.		
	3.		
	उप जोड़ (क)		
ख	सेवाएं		
	1.		
	2.		
	3.		
	उप-जोड़ (ख)		
ग	व्यापार कार्यकलाप		
	1.		
	2.		
	3.		
	4.		
	उप जोड़ (ग)		
घ	अन्य आय		
	लेखा परीक्षित वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कुल आय (क +ख +ग + घ)		

5. प्रत्येक वस्तु (वस्तुओं)/सेवा (सेवाओं) के लिए अलग-अलग मात्रात्मक सूचना

वस्तु (वस्तुओं) /सेवा (सेवाओं) के नाम			
वित्त वर्ष	**_____से_____तक**		
विवरण	इकाई	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
1. उपलब्ध क्षमता			
(क) स्थापित क्षमता			

